Calgary

Vehicle for Hire

बुलेटिन # 1

टैक्सी/एक्सेसिबल प्लेट लाइसेंस नवीनीकरण

मई 2024

2024 के लिए टैक्सी प्लेट लाइसेंस (T.P.L.) और एक्सेसिबल टैक्सी प्लेट लाइसेंस (A.T.P.L.) की नवीनीकरण अवधि 1 जून से 30 जून तक है।

जैसे हम इस व्यस्त अवधि में प्रवेश कर रहे हैं, वहिकल-फॉर-हाइर में प्रतीक्षा समय सामान्य से अधिक हो सकता है और हम आपके धैर्य और समझ की सराहना करते हैं। हम नवीनीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की व्यवहार्यता पर विचार कर रहे हैं, लेकिन अभी के लिए, नवीनीकरण कार्य वहिकल-फॉर-हाइर कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से ही पूरा किया जाना आवश्यक है।

वहिकल-फॉर-हाइर कार्यालय (2340 - 22 स्ट्रीट N.E.) लाइसेंस नवीनीकरणों के लिए सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुला रहता है। प्लेट धारकों को याद दिलाया जाता है कि वे अपने साथ अल्बर्टा प्रांतीय ड्राइवरज़ लाइसेंस या वैध टैक्सी ड्राइवरज़ लाइसेंस साथ लेकर आएं। टैक्सी प्लेट लाइसेंस (T.P.L.) के लिए नवीनीकरण शुल्क $495 है।

लिवरी ट्रांसपोर्ट बायलॉ में T.P.L. या A.T.P.L. को नवीनीकृत करने के महत्व के बारे में प्रावधान हैं

> *धारा 35*
>
> (1) यदि *T.P.L. या A.T.P.L. की* अवधि समाप्त हो जाती है और **समाप्ति के 30 दिनों के भीतर** नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया जाता है, तो *T.P.L. या A.T.P.L.* को त्याग दिया गया माना जाएगा और नवीनीकरण का अधिकार खो दिया जाता है।

जून में आपसे मिलने की प्रतीक्षा में हूं। कृपया कोई भी प्रश्न VFHlicensing@calgary.ca पर ईमेल करें।

यह पत्र अम्हारिक्, अरबी, फ्रेंच, हिन्दी, पंजाबी, सोमाली और उर्दू में अनुवादित है। दस्तावेज़ों को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

भवदीय,

कोरी पोर्टर
डिप्टी चीफ, वहिकल-फॉर-हाइर
एमर्जेंसी मैनेजमेंट और कम्यूनिटी सेफ्टी